दिन–गुरूवार दिनांक– 13 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि नीट–यूजी दो हजार चौबीस के एक हजार पांच सौ तिरसठ छात्रों को एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द कर दिया गया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे उनके पास तेईस जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेन्सी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा होने वाली परीक्षा के परिणाम तीस जून तक घोषित किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने आज इस बात को दोहराया कि वह नीट–यूजी दो हजार चौबीस प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता–प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी दो हजार चौबीस में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है। सरकार ने परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बडी के आरोपों से भी इनकार किया है।नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने अगले पांच वर्ष में देश के रक्षा निर्यात को बढाकर पचास हजार करोड़ रूपये तक करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि देश की रक्षा और सुरक्षाबलों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत विकसित करने की इच्छुक है।

————————————————————————

रूपौली विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी। इक्कीस जून तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की

गयी है। मतदान दस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। गौरतलब है कि जदयू विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यहां उप चुनाव कराया जा रहा है।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज पटना, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और अरवल समेत प्रदेश के सात जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, बांका, समस्तीपुर, जमुई और गया समेत नौ जिलों में कुछ स्थानों पर लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। शेखपुरा और डेहरी का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव आठ, अरवल और भोजपुर का चौवालीस दशमलव सात और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में गैरहाजिर रहने वाले छात्र—छात्राओं का नाम अब नहीं काटा जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिये हैं। इसके अनुसार लगातार तीन दिनों तक किसी विद्यार्थी के स्कूल नहीं आने की स्थिति में शिक्षकों द्वारा बच्चे के अभिभावक से संपर्क कर उसे स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। साथ ही इन विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में बढ़ोतरी के लिए जीविका दीदी के साथ ही मुखिया, सरपंच और पंचों की मदद लेने की बात भी कही गयी है।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के खांईड दियारा में अपराधियों ने एक मछली कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

————————————————————————

मधेपुरा जिले में अलग—अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। जिले के उदाकिशुनगंज में हाइवा और मोटरसाईकिल की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं, पुरैनी और ग्वालपाड़ा में हुई सड़क दुर्घटना में एक—एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

————————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के बरबन्ना हटिया परिसर में अगलगी की घटना में लगभग आधा दर्जन दुकान जलकर नष्ट हो गए। अग्निशम दस्ते द्वारा आग पर काबू पाया गया। अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।